तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर ]

11 हनुमान जन्मोत्सव पर रामायण मंडलियों ...



12 राजिम में सड़क पर खड़ी होती है यात्री बसें, हादसे ...



# तेंदू पेड़ का अस्तित्व खतरे में, वन विभाग संरक्षण में कर रहा अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में एक जंगली फल तेंदू का वजूद खतरे में है। यह फल जंगलों से गायब होने लगा है। क्योंकि उनके पेड़ कम हो रहे हैं। अवैध कटाई और वन विभाग की अनदेखी के चलते यह अनूठा फल अब धीरे धीरे खत्म ही हो जाएगा। जैसे देश से चीते की प्रजाति विलुप्त हो रही है। गरियाबंद जिले की धरती रत्नगर्भा है। भूमि के अंदर जहां प्रचूर मात्रा में बहुमूल्य खनिज का भडार है, वहीं भूमि पर विपुल वन संपदा भरी पड़ी है। इन्हीं नैसर्गिक वृक्षों की श्रृंखला में तेंदू का फलदार वृक्ष का अपना खासा महत्व एवं पहचान है। क्षेत्र के वनों में पाए जाने वाले इस स्वादिष्ट फल को गुणकारी माना जाता है। मध्यम ऊंचाई के करीब 25 से 50 फीट तक ऊंचे यह पेड़ घना एवं छायादार होता है। भर्री, टिकरा, मेड, खेत, बंजर पथरीली मुरुमी वाली भूमि सहित छोटी पर्वतीय श्रृंखलाओं से मिलकर बड़े पर्वतों के अलावा घने वनों में यह निरंतर बढ़ता है। इस पेड़ के नुकिलाकार पत्तों के बीच फल लगते हैं। आम तौर पर जुलाई माह में फूल आता है। अप्रैल और मई में इनके पकने से तेंदू की बहार आ जाती है। यह फल पकने के बाद सुनहरे रंग का चिकना एवं खुबसूरत दिखता है। पके हुए तेंदू फल की मादक महक न केवल लोगों को, बल्कि जंगली जानवर को बरबस ही अपने पास खींच लाती है यह भालू का तो अतिप्रिय खाद्य पदार्थ है तथा तेंदू फल के पकने के समय भालू इस वृक्ष के नीचे अथवा आसपास डेरा जमाकर रहता है। ऐसी मान्यता है कि भालू के पाचन तंत्र से होकर गुजरने के बाद ही तेंदू फल के बीच का अंकुरण संभव होता है। तेंदू का एक और बहुमूल्य पक्ष है तेंदूपत्ता जो हरा सोना के नाम से जाना ▶▶|शेष पेज 10 पर

## स्वादिष्ट फल औषधीय गुणों से है भरपूर





### तेंदू की बेहतरी के लिए किए जाएं प्रयास

फिलहाल सरकार वनो में औषधीय और फलदार रोकने की दिशा में वन विभाग की नर्सरी ने जिस तरह अन्य पौधे उगाए जाते हैं, उसी तर्ज पर तेंदू पौधा तैयार कर रोपण किया जाए। जिससे वन क्षेत्र में फलदार वृक्ष बढ़ सकेंगे। वन्य प्राणी,पशु पक्षी को आहार मिलेगा। साथ ही बंदरों का रहवासी क्षेत्र में आना भी बंद होगा। मगर इस फल को बचाने के लिए किसी ठोस नीति पर अभी कोई काम नहीं हो पाया है। डिप्टी रेंजर के के साहू ने कहा कि इस फल की तकनीकी जानकारियां हासिल करने के बाद इसकी बेहतरी के लिए जरूरी कदम उठाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### टोकरो में हनुमान जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम

**नवापारा-राजिम।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आज 2 अप्रेल को गांधी चौक टोकरो में हवन पूजन कार्यक्रम होगा। साथ में भव्य शोभायात्रा निकलेगी छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों का राम कथा का कार्यक्रम होगा। साथ ही श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने व्यापक तैयारी चल रहा है राम भक्तों एवं ग्राम वासियों के लिए भोजन भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया है।

### नवविवाहिता ने ससुराल में फांसी लगा की आत्महत्या

**फिंगेश्वर।** एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। शादी के महज 12 दिन बाद 23 वर्षीय महिला ने अपने ससुराल के टॉयलेट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद दोनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना पर मगरलोड पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम खैरझिटी की रहने वाली नूतन दीवान (23 वर्ष) की शादी 12 मार्च को मगरलोड क्षेत्र के ग्राम छोटी करेली निवासी कामेश कंवर दीवान के साथ सामाजिक रीति–रिवाजों के साथ संपन्न हुई थी। शादी के बाद वह ससुराल में ही रह रही थी। गुरुवार को नूतन ने घर के टॉयलेट में फांसी लगा ली। परिजनों ने जब उसे देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची मगरलोड पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पटेवा में अखंड रामायण मानसगान आज से

**नवापारा-राजिम।** पंचकोशी धाम के ग्राम पटेवा में 2 अप्रैल से तीन दिवसीय अखंड रामायण व मानसगान महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन श्री पटेश्वर मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से होगा। 3 अप्रैल को राम रस मानस मंडली फरसगांव उत्तर बस्तर, हरि मिलन मानस मंडली भोथीपार धमतरी, राघवेंद्र मानस मंडली सारखी रायपुर, अंजनी नंदन मानस मंडली धमनी गरियाबंद, मंगल माधुरी महिला मानस मंडली गुरमी बालोद, प्रतिभा बालिका मानस मंडली पुर्रामटोला छुरिया, हर्ष अदिति बालिका मानस मंडली बागबाहरा महासमुंद, जय अंबे महिला मानस मंडली बरभाठा गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। 4 अपे्रल को जय गुरुदेव हरि कीर्तन फिंगेश्वरी गरियाबंद, मोर मयारू मानस मंडली गुदगुदा धमतरी,श्री राम कृपा मानस मंडली सालिक झीटिया राजनांदगांव, नव श्रद्धा मानस मंडली मांढर रायपुर,श्री सत्संग मानस मंडली गोजी धमतरी, रेशमी महिला मानस मंडली बिरकोनी महासमुंद, शारदा मानस मंडली भरदागोड़ के.सी.जी एवं पुष्पांजलि बालिका मानस मंडली खैरागढ़ की प्रस्तुति होगी एवं 5 अप्रेल को सत्यनाम संदेश मानस मंडली टाटा सरसीवा बिलाईगढ़, मंदाकिनी मानस मंडली ▶▶|शेष पेज 10 पर

## मैनपुर के जंगल में हार्डकोर माओवादी जयराम उर्फ चलपति सहित 31 नक्सली मारे गए

# 19 वर्ष पहले मैनपुर के रास्ते गरियाबंद जिले में प्रवेश करने वाले नक्सलवाद का अंत, नया सवेरा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

कभी नक्सलियों की दहशत से कांपने वाला गरियाबंद जिला अब नक्सली आतंक से पूरी तरह मुक्त हो चुका है। लगातार सुरक्षा अभियानों, जिला पुलिस की रणनीतिक कार्रवाई और स्थानीय सहयोग के चलते नक्सलियों का प्रभाव लगभग समाप्त हो चुका है। जिन इलाकों में कभी बंदूक की आवाज गूंजती थी, वहां अब बच्चों की पढ़ाई और लोगों की रोजमर्रा की गतिविधियां सामान्य रूप से चल रही हैं।

- याद रहेगी एडिशनल एसपी राजेश पवार सहित 11 जवानों की शहादत
- लाल आतंक के खौफ के चलते दो दशक आदिवासी क्षेत्र विकास में पिछड़ गया, नक्सलवाद खत्म होने के बाद अब विकास की संभावना

इस बदलाव के पीछे हमारे सुरक्षा बलों की मेहनत और जवानों का बलिदान सबसे बड़ी वजह है। साथ ही, कई भटके हुए लोगों का मुख्यधारा में लौटना भी इस परिवर्तन का अहम हिस्सा बना है। जिले के मैनपुर के दुर्गम कुल्हाड़ीघाट, बेसराझर पहाड़ी मे हार्डकोर नक्सली नेता जयराम उर्फ चलपति, सीसी मनोज उर्फ मोडेम बालकृष्णन, एससीएस प्रमोद उर्फ पांडु तथा विमल उर्फ सुरेश सहित 31 नक्सलियों को मार गिराने मे पुलिस के जवानों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस सूत्रो के अनुसार जनवरी 2024 से लेकर अब तक सुरक्षा बलों ने नक्सल संगठन को अंदर तक हिला देने वाली बड़ी कार्रवाई की एवं गरियाबंद अब सिर्फ एक जिला नही बल्कि नक्सलवाद की कब्रगाह के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। नक्सलवाद समाप्ति के साथ ही अब गरियाबंद जिला खासकर इस पिछले आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर शांति, विकास और नये विश्वास की पहचान बनायेगी।

### 2006 में मैनपुर के बीहड़ रास्तों से जिले में घुसे थे नक्सली



*जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले मे नक्सलियों ने वर्षों 2007 में अपनी दस्तक दिया था और मैनपुर विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचल राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के ग्राम खरता मे तेंदूपत्ता की बोरियो को आग के हवाले कर अपनी उपस्थित दर्ज कराई थी। इसके कुछ दिनों बाद नक्सलियों ने तत्कालीन भाजपा विधायक डमरूधर पुजारी के निवास पर हमला कर वहां से हथियार लूट लिया था और दोपहर 3 बजे के आसपास देवभोग से राजधानी रायपुर की ओर आने वाली यात्री बस को नक्सलियों ने राजापड़ाव के आगे नेशनल हाईवे पर रोककर पर्चा और बैनर लगाकर बंद का आह्वान किया था। उस समय नक्सली डर से मैनपुर देवभोग क्षेत्र के 300 से ज्यादा गांव के ग्रामीण अपने घरो से निकले नहीं नक्सलियों ने जिले में सबसे ज्यादा मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में अपने कायराना हरकतों को अंजाम दिया, जिसमें मैनपुर से महज 01 किमी दूर वन विभाग के तेंदूपत्ता गोदाम में शाम 5 बजे पहुंचकर 9 करोड़ से ज्यादा के तेंदूपत्ता को आग के हवाले कर दिया। आज भी गोदाम जले और तहस नहस स्थिति में नक्सली आगजनी की याद दिला रही है। मैनपुर कुल्हाड़ीघाट मार्ग में सड़क निर्माण कार्य में लगे जेसीबी मशीन एवं अन्य मशीनों को आग के हवाले कर दिया और तो और पयलीखण्ड हीरा खदान पुलिस चौकी के साथ उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व वनभैंसा संरक्षण संवर्धन केन्द्र को भी आग के हवाले कर दिया था। नक्सलियों ने मैनपुर के भुतबेड़ा वन विभाग चौकी, गोबरा चौकी के साथ दर्जनो स्थानों पर आगजनी की थी और तो और सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने समय–समय पर अपने कायराना हरकत को अंजाम देते हुए विस्फोटक सामाग्रियों से क्षेत्र में अशांति फैलाते रहे।*

### एडिशनल एसपी राजेश पवार सहित 11 जवानों की शहादत हमेशा याद रहेगी

साल 2011 की वह काली तारीख आज भी लोगों की स्मृतियों में सिहरन पैदा कर देती है। जिले से ओडिशा के सोनाबेड़ा के जंगलों में नक्सली विरोधी गश्त पर गए पुलिस बल पर नक्सलियों ने घात लगाकर एम्बुश हमला किया था। इस लैंडमाइन विस्फोट में 9 जवान शहीद हो गए थे, जिनमें अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पवार भी शामिल थे। 9 वीरों की शहादत ने पूरे इलाके को शोक और भय में डुबो दिया था। उसी वर्ष जुगाड़ थाना क्षेत्र में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल के काफिले पर हुआ कायराना हमला न सिर्फ राजनीतिक व्यवस्था, बल्कि आम जनजीवन की सुरक्षा पर भी बड़ा सवाल बनकर उभरा, जिसमें 7 निर्दोष लोगों की जान चली गई और पिछले विधानसभा चुनाव के समय भी गोबरा क्षेत्र में सुरक्षा बल के एक जवान नक्सली विस्फोट मे शहीद हो गये।

### पुलिस बल ने दृढ़ता से अभियान चलाया नक्सलियों का जड़ के साथ खात्मा

गरियाबंद जिले मे पिछले 2024 से जिला पुलिस बल, ई 30, एसटीएफ, सीआरपीएफ और कोबरा के साथ पुलिस सुरक्षा बलों ने जिस दृढ़ता से अभियान चलाया, उसने नक्सलियों की जड़ों को हिला दिया। 2025 की कार्रवाइयों ने यह साफ कर दिया कि अगर इच्छाशक्ति मजबूत हो, तो सबसे कठिन लड़ाई भी जीती जा सकती है। लेकिन इस जीत की असली कीमत उन 11 जवानों ने चुकाई है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी। यह शांति उनके बलिदान की देन है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

### मैनपुर क्षेत्र के लगभग 90 प्रतिशत ग्राम नक्सल प्रभावित होने के चलते विकास से पिछड़ गया

पिछले 19 वर्षों में नक्सलियों के दहशत और गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के 90 प्रतिशत से अधिक ग्राम नक्सल प्रभावित होने के कारण यह क्षेत्र विकास कार्यों से महरूम हो गया और विकास के क्रम पिछड़ता चला गया। संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि सांसद विधायक एवं आला अफसर भी चाहकर ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे में नहीं पहुंच पाते थे और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा था। अब गरियाबंद जिला नक्सल मुक्त होने से एक नये सवेरा लेकर आया है। अब जिले के इस आदिवासी क्षेत्र के लोगों को विकास को लेकर एक नई आस जगी है। आज गरियाबंद में स्कूल खुल रहे हैं, सड़कें बन रही हैं और लोग सामान्य जीवन की ओर लौट रहे हैं। लेकिन यह शुरुआत है, मंजिल नहीं। जरूरत इस बात की है कि शासन केवल ऑपरेशन तक सीमित न रहें, बल्कि विश्वास, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के जरिए लोगों के दिलों तक पहुंचे। जिले की यह सफलता देश के लिए एक मिसाल जरूर है, लेकिन साथ ही यह चेतावनी भी है कि शांति बनाए रखने के लिए लगातार सजग रहना होगा। क्योंकि इतिहास गवाह है जहां विकास रुकता है, वहां असंतोष फिर जन्म लेता है।

# सेंदर विवाह समारोह में लिफाफा-चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



ग्राम सेंदर में 28 मार्च की रात आयोजित विवाह-आशीर्वाद समारोह में हुई लिफाफा-चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में समारोह का टेंट-डेकोरेशन कार्य संभालने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस कार्रवाई की तत्परता पर लोगों का भरोसा जागा है

- टेंट संचालक गिरफ्तार, पुलिस कार्रवाई पर भरोसा जागा

पुलिस थाना फिंगेश्वर प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी रामाधार साहू सेंदर ने समारोह के बाद उपहार में मिले लिफाफों की नकद राशि और कुछ आभूषण गायब होने की शिकायत 29 मार्च को दर्ज कराई थी। घटना के बाद परिवार और गांव में हड़कंप मच गया था। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए विवाह समारोह के मिनट-टू-मिनट फोटो और वीडियो फुटेज ने मामले की दिशा बदल दी।

पुलिस ने जब साक्ष्यों के आधार पर सख्ती से पूछताछ की तो आरोपी मोहम्मद सुहैल चौहान (निवासी ग्राम खट्टी, जिला महासमुंद) का हौसला टूट गया और उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने समारोह में टेंट और सजावट का काम लिया था और मौके का फायदा उठाकर लिफाफों में रखी नकदी और ज्वेलरी पार कर दी। अपने कबुलनामा में पुलिस को बताया कि घर वाले का ध्यान हटते ही लिफाफा पैसा से भरे थैला को धीरे से मंच का किनारा किया फिर मंच के पिछे थैला ले लिया,पिछे ही तीन लिफाफा को फाड़कर देखा,बांकि पास के तलाब मेड पार में लिफाफा का पैसा निकाल लिया और खाली लिफाफा को वही जला दिया। पुलिस उस राख एंव नगद 41600 रुपए को उनके गृह ग्राम खट्टी निज निवास से बरामद किया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी के कब्जे से चोरी गई सामग्री की बरामदगी की कानुनी प्रक्रिया जारी है, जिसके लिए न्यायालय से अनुमति ली जा रही है। मामले में फिंगेश्वर थाने में अपराध क्रमांक 89/2026 के तहत धारा 303(2) और 331(4) के अंतर्गत केस दर्ज किया गया था, जिसमें आगे की कार्रवाई के दौरान धारा 331(4) हटा दी गई है।

घटना के खुलासे के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। इस प्रकरण ने एक बार फिर वैवाहिक आयोजनों में बाहरी सेवा-प्रदाताओं के सत्यापन और निगरानी की आवश्यकता को उजागर किया है। गौतम गांवड़े नगर निरीक्षक फिंगेश्वर ने आम नागरिकों से अपील की है कि ऐसे आयोजनों में सुरक्षा और विश्वसनीयता को प्राथमिकता दें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

### संगीतमय मानस गान व्याख्यान सम्मेलन का शुभारंभ कल

**महासमुंद।** आदर्श ग्राम जलकी, छपोराडीह सिरपुर (जिला महासमुंद) में छत्तीसगढ़ स्तरीय भव्य संगीतमय मानस गान व्याख्यान सम्मेलन 2026 का आयोजन 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में प्रदेशभर की प्रसिद्ध मानस मंडलियां भाग लेंगी। इस अवसर पर 03 अप्रैल 2026 को जय शीतला मानस मंडली जलकी, गोपेश्वर बिहार मानस मंडली, उमाशंकर मानस मंडली डिपरा पारा (दुर्ग), राम अनुराग मानस मंडली सोरम सिंधी, जय कपीस मानस मंडली आमाकोनी एवं करुणा सागर मानस मंडली कन्नेवाड़ा प्रस्तुति देंगी।

### ओडिशा के तस्कर से 4 लाख का हीरा जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के शोभा थाना क्षेत्र में बुधवार को पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 नग कीमती रत्न हीरा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से बरामद किए गए हीरे की कीमत 4 लाख बताई जा रही है। मिली जानकारी अनुसार 1 अप्रैल को गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों को अवैध हीरा परिवहन एवं बिक्री करने के संबंध में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर स्पेशल टीम एवं मैनपुर विकासखंड क्षेत्र थाना प्रभारी शोभा को अवैध हीरा तस्कर का पतासाजी कर रेड कार्रवाई के निर्देश दिये। जिसके परिपालन में थाने एवं स्पेशल टीम को घटना स्थल रवाना की गई। मुखबीर द्वारा बताये गये घटना स्थल ग्राम कुसियार बरछा ▶▶|शेष पेज 10 पर

## बस्तर जिले के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

# छात्रों ने किया नवा रायपुर का भ्रमण, शैक्षिणक स्थलों से अवगत हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्र टीम छत्तीसगढ़ के तत्वावधान, बस्तर संभाग संयोजक के मार्गदर्शन में बस्तर जिले के विद्यार्थियों का रायपुर एवं नया रायपुर के प्रमुख शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण हुआ।

इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्रकृति, विज्ञान, पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति के प्रति व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक ज्ञान प्रदान करना रहा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ विज्ञान केंद्र, रायपुर का अवलोकन किया, जहां विज्ञान से जुड़े विभिन्न मॉडल, उपकरण एवं प्रयोगों को देखकर बच्चों ने विज्ञान के सिद्धांतों को सरल एवं रोचक ढंग से समझा। इसके पश्चात जंगल सफारी, रायपुर में वन्यजीवों और जैव विविधता को करीब से देखकर संरक्षण के महत्व को जाना। विद्यार्थियों ने जनजाति संग्रहालय, नया रायपुर में आदिवासी जीवन शैली, परंपराओं और प्रकृति के साथ उनके गहरे संबंध को समझा। वहीं पुरखौती मुक्तांगन में छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, कला एवं ग्रामीण जीवन की जीवंत झलक ने बच्चों को प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया। इसके अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर का भ्रमण कर विद्यार्थियों ने आधुनिक खेल सुविधाओं एवं अधोसंरचना के बारे में जानकारी प्राप्त की। नया रायपुर की सुव्यवस्थित शहरी संरचना एवं औद्योगिक विकास को देखकर बच्चों ने आधुनिक शहर नियोजन और पर्यावरण संतुलन के महत्व को समझा.भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने रायपुर शहर के प्रमुख स्थल घड़ी चौक, जय स्तंभ चौक, पचपेड़ी नाका,तेलीबांधा क्षेत्र, डी.के.एस अस्पताल एवं राम मंदिर का भी अवलोकन ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम छपोराडीह व सिंघनपुर में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई गई। जिसमें राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर तुषार ने कहा कि भक्त शिरोमणि कर्मा देवी (कर्माबाई) 17वीं शताब्दी (1615-1702) की एक महान कृष्ण भक्त थीं, जिनका जन्म राजस्थान के नागौर जिले के कालवा गांव में हुआ था। वे अपनी निश्छल भक्ति से भगवान कृष्ण को अपने हाथ से बना खिचड़ा खिलाने के लिए प्रसिद्ध हैं।

### नर्मदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में सामूहिक चालीसा पाठ व महाआरती आज

**महासमुंद।** रायपुर रोड स्थित नर्मदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए पुरोहित जवाहर त्रिदेवी ने बताया कि सुबह 11 बजे आरती, प्रसाद वितरण, दोपहर 12 बजे भंडारा एवं भजन, शाम 4 बजे रामायण पाठ, 6 बजे भजन व 7 से 8 बजे तक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। रात्रि 8 बजे सवा लाख बाती की महाआरती व छप्पन भोग लगाया जाएगा। मंदिर समिति के बीएन गुप्ता, बसंत ठाकुर, बलराम लालवानी, मूलचंद लढ्ढा, धर्मेंद्र साकरकर, लक्ष्मीनारायण चंद्राकर, कमल राठी, दीपक रूपरेला, नरेश चंद्राकर, कल्लू सोनी, राजेश ठाकुर, विनोद महोबिया, नरेश राठी, उमाशंकर चंद्राकर, सौरभ मालू, पूनम साहू, सुशील शुक्ला, गुमान ठाकुर, हितेश माकड़े आदि सदस्य कार्यक्रम में जुटे हुए है।

### लभराखुर्द में श्रीमद भागवत कथा कल से

**महासमुंद।** रेस्ट हाउस के सामने ग्राम लभराखुर्द में 3 अप्रैल से 11 अप्रैल 2026 तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथावाचक आचार्य पंडित सूर्यकांत शास्त्री महाराज होंगे। कथा दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक होगी। 3 अप्रैल को कलश यात्रा, वेदीपूजन, गौकर्ण कथा, 4 अप्रैल को शुकदेव प्रकाष्ठ, परीक्षित जन्म, 5 अप्रैल को कपिल अवतार, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र 6 अप्रैल को जड़भरत चरित्र, नरसिंह अवतार, वामन अवतार, 7 अप्रैल को श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण जन्म, नंद महोत्सव, 8 अप्रैल को कृष्णा बाल लीला, माखन लूट, गोवर्धन पूजा, 9 अप्रैल को महारास प्रसंग, रुखमणि मंगल, 10 अप्रैल को सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, चढौत्तरी, 11 अप्रैल को गीता पाठ, दान, हवन, पूर्णाहुति, महाप्रसादी होगी। आयोजक कौशल्या चंद्राकर, परमेश्वरी -चूड़ामणि चंद्राकर, भूमिका-नीलमणि चंद्राकर परिवार है। चूड़ामणि चंद्राकर ने भक्तगणों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी कृष्ण कुमार साहू ने दी है।

### सुविधा : स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

# गरियाबंद जिले को मिली 6 नई एंबुलेंस, दूरदराज क्षेत्र को लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। कलेक्टर बीएस उइके और भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर सहित जनप्रतिनिधियों ने बुधवार को 6 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि जिले को कुल 10 नई एंबुलेंस प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 6 एंबुलेंस को औपचारिक रूप से सेवा में शामिल किया गया। नई एंबुलेंस के संचालन से आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को समय पर अस्पताल तक पहुंचाने में अब काफी सहूलियत मिलेगी। अब तक कई बार दूरस्थ क्षेत्रों में समय पर वाहन उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन इस पहल से ऐसी समस्याओं में कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

खासकर ग्रामीण और दुर्गम इलाकों में रहने वाले लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा, जहां स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित हैं। नई एंबुलेंस सेवा से गंभीर मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा और स्वास्थ्य व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनेगी।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है। नई एंबुलेंस सेवा से विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और आम जनता को त्वरित सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। नई एंबुलेंस मिलने से जिले की स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर होंगी तथा आम जनता को राहत मिलेगी। इस पहल के लिए उन्होंने राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया है।

गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने बताया कि जिले में कुल 10 नई एंबुलेंस आना है, जिसमें आज 06 एंबुलेंस आई है, 4 शेष हैं। इन 6 एंबुलेंस को अलग–अलग क्षेत्रों में भेजा जाएगा। कहा कि यह प्रयास रहेगा कि ग्रामीण क्षेत्र में जहां भी घटना, दुर्घटना या सूचना मिलती है, तो आधे घंटे के भीतर लोगों तक पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में मदद करेगा। इसी तरह शहरी क्षेत्रों में भी यह सुविधा लोगों को मिलेगा। कहा कि सरकार का प्रयास है कि अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचे और त्वरित मेडिकल सुविधा उपलब्ध करा पाएंगे। इस मौके पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, जिला मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, भाजपा प्रवक्ता पारस ठाकुर, पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, मंडल अध्यक्षद्वय सुमित पारख, धनराज विश्वकर्मा, बलदेव सिंह हुंदल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिंदु सिन्हा, मिलेश्वरी साहू, रेणुका साहू, राधेश्याम सोनवानी, जीवन एस साहू, रितेश यादव, तरुण ठाकुर, शुभम सांग सीएमएचओ यूएस नवरत्न सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## पीएम घटिया सड़क निर्माण को लेकर कांग्रेस करेगी उग्र आंदोलन



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। जनमन योजना के तहत कमार बहुल्य ग्रामों तक सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसमें गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसकी शिकायत क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव से भी की। जनक ध्रुव ने जल्द सड़क निरीक्षण करने की बात कही है वहीं घटिया सड़क निर्माण को लेकर ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर द्वारा एक सप्ताह पूर्व मैनपुर एसडीएम कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा जा चुका है, जिसमें आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। आज ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव एवं कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने सड़क निर्माण किये गये कई ग्रामों में बैठक लेकर आंदोलन की रणनीति तैयार की है, जल्द ही कांग्रेस द्वारा घटिया सड़क निर्माण को लेकर आंदोलन किया जायेगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष खेदु नेगी ने बताया प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जनमन योजना अंतर्गत कमार आदिवासी बहुल्य ग्रामों तक डामरीकरण सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी गुणवत्ता बेहद खराब है। सड़क निर्माण होते ही सड़क उखड़ने लगा है ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभाग के अफसरों द्वारा मनमानी की जा रही है। ठेकेदार से मिलीभगत कर घटिया सड़क निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने बताया अभी गांव–गांव बैठक का दौर जारी है। जल्द ही घटिया सड़क पोल खोल अभियान के तहत मैनपुर से गरियाबंद जिला मुख्यालय तक उग्र आंदोलन किया जायेगा।





## जनपद सभापति ने बिजली में डस्टबिन बांटे

**छुईहा बेलर।** जनपद पंचायत फिंगेश्वर की अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू एवं जनपद सभापति ने ग्राम बिजली में 15वें वित्त आयोग तथा गौण खनिज निगम निधि से टीना शेड, वॉटरकूलर और डस्टबिन का वितरण किया। वितरणकार्य जनपद सभापति नंदू यादव (बिजली) के सतत प्रयास से संभव हो पाया। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि शेडकूलरडस्टबिन की यह खेप पंचायतस्तर पर स्वच्छता पेयजल सुविधा को प्राथमिकताक्रम में रखती है। ग्रामीणों ने पहल का स्वागत किया। अधिकारियों ने योजनानिरंतरता का आश्वासन दिया।

## कांग्रेस मंडल छुरा के बूथ और पंचायत बाडी का किया गया गठन: नीलकंठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों से बेतहाशा महंगाई, योजनाओं के नाम परिवर्तन के चलते राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने निर्णय लिया है कि देश मे नई ऊर्जा, शक्ति व सामर्थ्य के साथ कांग्रेस पार्टी का पुनर्गठन किया जाए। केन्द्रीय और राज्य कांग्रेस के निर्देशानुसार तथा जिला गरियाबंद के मार्गदर्शन पर इन दिनों विकासखंड के अध्यक्ष महेश्वरी शाह के नेतृत्व में ब्लाक के सभी छह मण्डलों में बूथ और पंचायत पदाधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है। महुआ, नवरात्रि, शादी सीजन के बावजूद सरकार बदलने कार्यकर्ताओं के अलावा आम मतदाता, विभिन्न योजनाओं से वंचित हितग्राही, नागरिक स्वस्फूर्त पार्टी सृजन कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। ब्लाक के सभी छह मंडलों मे छुरा मंडल के सभी पच्चीस बूथों और दस पंचायतों में पार्टी के पदाधिकारियों का गठन कार्य संम्पन्न किया गया। ब्लाक के प्रशासनिक महामंत्री हरिश यादव को विधिवत प्राप्त सभी डाक्यूमेंट्स को पूरा कर मंडल अध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर, ब्लाक सचिव व प्रभारी हरि राम सिंहा ने कार्यालय में सौंपे। सभी बूथों और पंचायतों के पदाधिकारियों के गठन में सभी जाति, वर्गों के साथ- साथ उम्र का विशेष ध्यान रखा गया है। जिसमें युवा, महिला और वरिष्ठों को भी काफी मौका दिया गया है। जिला ग्रामीण और शहर प्रभारी पन्नालाल ध्रुव, रमेश शर्मा, प्रहलाद यदु तथा जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा को प्रदेश कार्यालय तक जानकारी भेजने अवगत कराया गया। उक्त अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ अब्दुल समद खान रिजवी,पार्षद नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत छुरा के पंचराम टंडन, ब्लाक कोषाध्यक्ष सलीम मेमन,पार्षद संतानु देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।





### कांग्रेस के मिशन गांव चलो अभियान के तहत बूथ और पंचायत कमेटी का गठन: रूपेश



**फिंगेश्वर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मिशन गांव चलो अभियान के तहत संगठन को निचले स्तर तक और अधिक मजबूत करने के लिए पंचायत एवं बूथ कमेटी के गठन की प्रक्रिया जारी है। इसके अंतर्गत राजिम विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बारूला एवं ग्राम पंचायत बिजली में 2 पंचायत कमेटी और दो बूथ कमेटी का गठन किया गया। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने कांग्रेस पार्टी के विचारधारा एवं रीति नीति से अवगत कराया। सभी सेक्टर एवं बूथ स्तर पर बैठक लेकर शीघ्र गठन करने पर बल दिया। आगामी सेक्टर और बूथ की बैठक शीघ्र रखने के लिए मंडल अध्यक्षों को निर्देशित किया। उक्त अवसर पर मंडल अध्यक्ष शेखर साहू,मंडल प्रभारी चंपू मारकंडे,बिजली सेक्टर अध्यक्ष दौलत राम यादव,सेंदर सेक्टर अध्यक्ष सेशू गुप्ता,ईश्वरी,रोहित साहू,डॉ राजेंद्र साहू,वासुदेव यादव,खेमराज सिन्हा,उत्तम सोनवानी हिक्षा निर्मलकर,अशोक निर्मलकर,तुलेश्वर धृतलहरे,शिवम सिन्हा,परदेसी निषाद,रूमन यादव,राजेंद्र तोंडे,सुनील निर्मलकर डॉक्टर तुलाराम निर्मलकर,लोकेश कुमार यादव,सूरज कुमार मांडले,इंद्र कुमार साहू,हेमंत सतनामी,तरुण पटेल,पन्नालाल निर्मलकर, मनहरण सिन्हा,हुमन लाल साहू,शाहिद कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने पंचायत और बूथ कमेटियों के गठन किया

**छुईहा बेलर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संचालित मिशन गांव चलो अभियान के अंतर्गत संगठन को जमीनी स्तर तक सुदृढ़ करने की दिशा में पंचायत एवं बूथ कमेटियों के गठन का कार्य तेजी से जारी है। इसी कड़ी में राजिम विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बारूला एवं ग्राम पंचायत बिजली में दो पंचायत कमेटियों तथा दो बूथ कमेटियों का सफलतापूर्वक गठन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं रीति-नीति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सेक्टर एवं बूथ स्तर पर सक्रियता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों को निर्देशित किया कि शीघ्र ही सेक्टर एवं बूथ स्तर की बैठकों का आयोजन कर संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत किया जाए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष शेखर साहू, मंडल प्रभारी चंपू मारकंडे, बिजली सेक्टर अध्यक्ष दौलत राम यादव, सेंदर सेक्टर अध्यक्ष सेशू गुप्ता, ईश्वरी रोहित साहू, डॉ. राजेंद्र साहू, वासुदेव यादव, खेमराज सिन्हा, उत्तम सोनवानी, हिक्षा निर्मलकर, अशोक निर्मलकर, तुलेश्वर धृतलहरे, शिवम सिन्हा, परदेसी निषाद, रूमन यादव, राजेंद्र तोंडे, सुनील निर्मलकर, डॉ. तुलाराम निर्मलकर, लोकेश कुमार यादव, सूरज कुमार मांडले, इंद्र कुमार साहू, हेमंत सतनामी, तरुण पटेल, पन्नालाल निर्मलकर, मनहरण सिन्हा, हुमन लाल साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि के विरोध एवं 8 सूत्रीय मांगों को लेकर आप करेगी आज विद्युत कार्यालय का घेराव

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर आज प्रदर्शन करेगी। इसमें प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि ना की जाये तथा पहले से बढ़ी हुई दर कम की जाए। क्योंकि छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली राज्य है। बड़े बकायादारों उद्योगपतियों और सरकारी विभाग जिनका करोड़ों का बिल बकाया है उनसे बिल वसूली की जाए, अन्यथा उनका कनेक्शन काटा जाये। स्मार्ट मीटर जिसमें रिचार्ज ख़त्म होने पर कनेक्शन कट जाता है उसमें सुधार किया जाए अथवा स्मार्ट मीटर की बजाय पुराना मीटर लगाया जाए। बिजली कंपनियां अपना खर्च कम करें जिससे कंपनियों को घाटा नहीं होगा और इसकी वसूली आम जनता की जेब से नहीं करनी पड़ेगी। असमय बिजली कटौती खासकर ग्रामीण इलाकों में कटौती बंद किया जाए। ग्रामीण इलाकों में ट्रांसफार्मर एवं अन्य विद्युत सामग्री का फ्री में उपलब्धता एवं परिवहन सरकार सुनिश्चित करे, क्योंकि आज भी कई जगह ग्रामीणों से पैसे लेकर विधुत सामग्री प्रदान की जा रही है, जिसमें निचले स्तर के अधिकारी कर्मचारी संलिप्त है, इन्हें तत्काल बर्खास्त किया जाए। किसानों के अस्थायी विद्युत कनेक्शन को राज्य शासन द्वारा निर्धारित टारगेट व्यवस्था को समाप्त कर तत्काल स्थायी किया जावे। मुनगासेर, पिथौरा, सरायपाली क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या को दूर किया जाए। इन मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी 2 अप्रैल को महासमुंद जिला मुख्यालय में स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेगी।

### छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा के लिए सोनासिल्ली के दो युवकों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

ग्राम सोनासिल्ली के दो नवयुवकों का चयन छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा में हुआ है। हेमलाल ध्रुव (सूबेदार) और झरियार ध्रुव (प्लाटून कमांडर) के दीक्षांत समारोह के बाद प्रथम आगमन पर पूरे ग्रामवासियो ने उनका ढोल नगाड़ों के साथ जबरदस्त स्वागत किया और आतिशबाजी भी की। ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि जीतराम यादव ने हेमलाल ध्रुव पिता दुलार ध्रुव व माता विशाखा ध्रुव और झरियार ध्रुव पिता राजाराम ध्रुव व माता कुंवरबाई ध्रुव का भी गुलाल लगाकर स्वागत किया गया।

### विधायक से मुलाकात, मां शीतला का छायाचित्र किया भेंट



**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर नगर के प्रमुख नेता व जनप्रतिनिधियों ने नगर कुलदेवी मां शीतला का छायाचित्र भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल, आबकारी विभाग विधायक प्रतिनिधि राजू साहू, अध्यक्ष प्रतिनिधि उत्तम निर्मलकर, मंडल महामंत्री द्रोणाचार्य साहू, नेता प्रतिपक्ष भुनेश्वर साहू, पार्षद दुकालू ध्रुव, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी डोमार पटेल, पार्षद प्रतिनिधि शुभम टंडन, भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य कुंदन प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# सड़क निर्माण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम परसाडीह से लहंगर एवं ग्राम लहंगर से पीढ़ी सड़क निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि काफी समय से उक्त सड़कों के निर्माण की मांग की जा रही थी। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा और ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। बता दें कि ग्राम लहंगर से पीढ़ी कुल 3 किलोमीटर सड़क के लिए 466.19 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। वहीं ग्राम परसाडीह से लहंगर कुल 3 किलोमीटर सड़क के लिए 629.93 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

बता दें कि बजट वर्ष 2024-25 में महासमुंद अंतर्गत शामिल कई निर्माण कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के लिए करोड़ों रुपए के कार्य स्वीकृत हुए हैं। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि हमारी सुशासन की सरकार प्रदेश में विकास का नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है। ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्र तक विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति मिल रही है। इससे प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार में किसी भी वर्ग को वंचित नहीं रखा जाएगा। मजदूर, किसान, व्यापारी, सरकारी कर्मचारी सभी वर्गों के लिए कार्य हो रहे हैं। आगे कहा कि राज्य एवं केंद्र दोनों में भाजपा की सरकार होने के कारण डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। डबल इंजन की सरकार के चलते प्रदेश के अंतिम छोर के व्यक्ति तक एक-एक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

#### ग्रामीणों ने कहा लंबे समय से थी मांग

सड़क निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर ग्राम लहंगर एवं परसाडीह के ग्रामीण बुधवार को विधायक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि काफी लंबे समय से सड़क की मांग की जा रही थी। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रयासों से कार्यों को स्वीकृति मिली है, इसलिए वें उनका धन्यवाद ज्ञापित करने आए हैं। इस अवसर पर राधेलाल सिन्हा, मनराखन ठाकुर, गौतम मराई, संतोष सोनकर, थनवार धगारे, कुमान ध्रुव, रामप्रसाद, पंचराम, लीलाधर सिन्हा, जयसिंग ध्रुव, हीराराम ध्रुव, छेदूराम ध्रुव, लोभान दीवान उपस्थित थें।

पेज 9 के शेष...

### तेंदू पेड़ का वजूद...

जाता है। शासन के माध्यम से तेंदूपत्ते से बीडी बनाई जाती है। इससे कइयो करोड़ का व्यापार होता है। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में हितग्राहियों को तेंदूपत्ता संग्रहण के रूप में लाखों रुपयों का पारिश्रमिक प्राप्त होता है। लेकिन तेंदूपत्ते का दुखद पहलू यह है कि अंचल की भर्री टिकरा आबादी एवं कृषि क्षेत्र में बहुतायत से पाए जाने वाले वाला तेंदू गुच्छा भी सनै सनै कम होता जा रहा है। जब से खेत बनाने की जेसीबी,टोजर मशीन आई है,तब से तेंदूपत्ता का क्षेत्र निरंतर सिकुड़ते जा रहा है। क्योंकि जेसीबी व टोजर द्वारा खोदाई किए जाने से बहुत गहराई करते हुए तेंदूपत्ता गुच्छा को जड़ समेत उखाड़ देता है, जो पुनः नहीं उग पाते।

### ओडिशा के तस्कर ...

कचना ध्रुवा मंदिर के पास एक व्यक्ति जो एक लाल काला रंग का मोटर सायकिल एचएफ डिलक्स वाहन क्रमांक ओडी 24 एन 6802 में अपने पास अवैध रूप से बहुमुल्य हीरा जैसा चमकीला खनिज पदार्थ रखा कर ग्राहक के तलाश कर रहा था। पुलिस स्टाफ, गवाह तथा स्पेशल टीम के साथ मौका पहुच कर घेरा बंदी कर रेड कार्रवाई की। मौके पर आरोपी का नाम पता पूछने पर अपना नाम डमरू लाल लहरे पिता गोविंद राम लहरे 52 साल निवासी अधिकारिगुड़ा उमरकोट थाना उमरकोट जिला नवरंगपुर उड़ीसा का रहने वाला बताया। उसके कब्जे से गवाहों के समक्ष 8 नग छोटे बडे चमकीले बहुमुल्य खनिज पदार्थ किमती 4 लाख का हीरा और घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल किमती 50 हजार जुमला किमती 4 लाख 50 हजार को जब्त किया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 303(2)बीएनएस 21(4) खान एवं खनिज (विकास का विनियमन) अधिनियम 1957 अपराध धारा सदर का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गरियाबंद पुलिस कप्तान के द्वारा बताया गया कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध मामलों में संलिप्त लोगों पर निगाह रखी जा रही है। अवैध कृत्य पाये जाने पर विधिसंगत कार्यवाही की जाएगी। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा।

### छात्रों ने किया नवा...

किया जिससे उन्हें शहर के सामाजिक, सांस्कतिक एवं ऐतिहासिक पहलुओं की जानकारी मिली।इस शैक्षणिक भ्रमण में विज्ञान संचारक मनीष कुमार अहीर, लखन लाल साहू, भुनेश्वर मरकाम, मुरलीधर पटेल एवं पूरन लाल साहू सहित बस्तर जिले के अनेक विद्यार्थी शामिल हुए। सभी के सहयोग से यह आयोजन सफल रहा।

### पटेवा में अखंड....

नूनछापर कवर्धा, राम दरबार मानस मंडली चितमखार महासमुंद,गोपेश्वर बाल सखा मानस मंडली बिहाझर महासमुंद, शिव कृपा मानस मंडली जीवतरा महासमुंद, आराधना मानस मंडली गुल्लू रायपुर, श्रद्धा महिला मानस मंडली कचना धमतरी, श्री हरि महिला मानस मंडली मुडागांव गरियाबंद की प्रस्तुति होगी।

## खबर संक्षेप

### खेत में लगे पंप का स्टार्टर चोरी

**महासमुंद।** ग्राम अरंड के अमलीदार खार स्थित खेत में पंप में लगा स्टार्टर चोरी के मामले में आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सेतराम पटेल पिता दसरथ पटेल (60 साल) ने बताया कि 29 मार्च की दरमियानी रात उसके खेत लगे स्टार्टर को किसी व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया था। खोजबीन करने के बाद पता चला कि स्टार्टर को गांव के बसंत नेताम पिता प्रदीप नेताम द्वारा चोरी किया गया है। जिसने पूछताछ करने पर चोरी करना कबूल किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्राम दर्राभांठा में सरायपाली पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम दर्राभाठा स्थित 132 केवी के पास से आरोपी शैलेंद्र दास पिता सेवक दास (45 साल) निवासी ग्राम बिजातीपाली के कब्जे से 16 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब कीमत 3200 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह सांकरा पुलिस ने आरोपी प्रेमलाल यादव पिता बिसाहू यादव (38 साल) वार्ड नं. 03 सांकरा के होटल से कुल 13 नग जम्मू शराब व 26 नग शेरा छाप देशी प्लेन शराब कुल 39 नग कीमती 3640 रुपए को बरामद किया।

### जेसीबी वाहन चोरी

**महासमुंद।** ग्राम तेलीबांधा स्थित दुलार फार्म के गेट के बाहर खड़े जेसीबी वाहन चोरी के मामले में खल्लारी थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को गोविंद धीवर निवासी वार्ड नंबर 23 सुभाष नगर महासमुंद ने बताया 31 मार्च की सुबह 9 बजे के मध्य ग्राम तेलीबांधा दुलार फार्म के गेट के बाहर में खड़े उसके जेसीबी वाहन क्रमांक सीजी 04 ए 3422 पुरानी इस्तेमाली कीमत करीबन 5,00,000 रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया।

### आस्था : कसही बाहरा में दो दिवसीय कार्यक्रम

# हनुमान जन्मोत्सव पर रामायण मंडलियों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम कसही बाहरा में दो दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा-अर्चना से हुआ, जिसमें गांव के प्रमुख जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस में श्री हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा मंच संचालन करते हुए अपनी पहली प्रस्तुति दी। इस दौरान रामायण मंडली (रामायणी टोली) द्वारा मधुर स्वर में भजन, रामायण पाठ एवं हनुमान जी के गुणगान से वातावरण भक्तिमय हो उठा। उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर कार्यक्रम का आनंद लेते रहे।

इस अवसर पर जिला महासमुंद के विभिन्न ग्रामों से भी रामायणी टोलियां आमंत्रित की गई थीं, जिन्होंने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में हनुमान मंदिर सेवा समिति के आजीवन संरक्षक स्वर्गीय प्रकाश गोलछा के सुपुत्र अंकित गोलछा विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिनका स्वागत ग्रामवासियों द्वारा किया गया। साथ ही माधव प्रसाद पांडे (पुजारी) की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने पूरे आयोजन को धार्मिक विधि-





विधान के साथ संपन्न कराया।

ग्राम के वरिष्ठजनों में विशेष रूप से विसे लाल ठाकुर, गेंद ठाकुर, प्रेम कुमार ठाकुर, कांतु राम ठाकुर, कामू राम ठाकुर, दुलार सिंह ठाकुर, गोलू वर्मा, यदुराम नागेश, जनक राम, महेंद्र ठाकुर, धनेश्वर ठाकुर, शोभित ठाकुर, नंदू नागेश, जादू राम, भानु राम ठाकुर, सगना ठाकुर, हरित ठाकुर एवं भुवन सिंह ठाकुर की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इन सभी ने आयोजन की सफलता में सक्रिय योगदान दिया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन भव्य मंगल आरती, प्रसाद वितरण एवं सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई, जिससे पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

इस दो दिवसीय आयोजन ने ग्राम में धार्मिक एकता, सामाजिक समरसता एवं भक्ति भाव को और अधिक सुदृढ़ किया। ग्राम के समस्त नवयुवक, महिला मंडल एवं समिति के सदस्यों के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### रसेला सहित क्षेत्र में आज मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव



**रसेला।** ग्राम रसेला सहित अंचल में हनुमान जन्मोत्सव इस वर्ष भी दो अप्रैल को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम रसेला के हनुमान मंदिर रंगमंच पर शुरुआत सुबह 9 बजे अभिषेक से होगा। चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि पर भक्त बजरंगबली का आशीर्वाद लेने के लिए हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ करेंगे और मंदिरों में विशेष पूजा, सिंदूर अर्पण कर हवन के साथ महाआरती भी होगी। क्षेत्र के हर गांवों में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने के लिए जोर शोर से तैयारियां पूरी की गई है।

### हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा के साथ होंगे विविध धार्मिक आयोजन आज

**मैनपुर।** नगर सहित पूरे विकासखण्ड में हनुमान जन्मोत्सव पर 2 अप्रैल को विविध धार्मिक आयोजन होंगे। महोत्सव को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। मंदिरों को भव्य एवं आकर्षक रूप से सजाया गया है। तहसील मुख्यालय बस स्टैंड हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ, पूजा अर्चना व महाआरती का आयोजन किया जाएगा। दूसरी ओर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर भाठीगढ़ एवं श्रीराम सेना विशाल शोभायात्रा निकालेगी। इस दौरान भव्य आतिशबाजी के साथ अनेक धार्मिक आयोजन होंगे। साथ ही विशाल भंडारा का आयोजन होगा।

## चैतरा में हनुमान जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा



**छुईहा बेलर।** अंचल के ग्राम चैतरा में भगवान श्री हनुमान की जयंती पर श्रद्धा और उत्साह के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा पूजा-अर्चना के साथ आयोजन की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के प्रथम दिन भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिससे पूरे गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान जय श्री राम व हनुमान के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। आयोजन में ग्राम के प्रमुख नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। वासुदेव यादव, ज्ञान साहू, रमेश साहू, तुलसी खुटे, लीलाराम, अश्वनी साहू, जगत साहू, भुनेश्वर साहू, तमेश्वर साहू, ताराचंद साहू, केसो साहू, भूलेश्वर साहू, गोविन्द साहू एवं रोहित यादव सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार आगामी दिनों में भी विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता की अपील की गई है।

## नवापारा में निकाली भगवान श्रीरामचंद्र की शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

**नवापारा-राजिम।** श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में नवापारा नगर सोनकर समाज द्वारा धुमाल बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा निकालने के पहले समाज के लोगो ने श्रीराम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना किया। फिर इंदिरा मार्केट,सदर रोड,बस स्टैंड, सुभाष चौक, गंज रोड होते हुए पुनः श्रीराम जानकी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में विशेष झांकी के रूप में रथ पर विराजमान भगवान श्रीरामलला की मनोरम मूर्ति आकर्षण का केंद्र था। शोभायात्रा का स्वागत विधायक इंद्रकुमार साहू



,नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ,सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश ढीढी,भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामा यादव,भाजपा जिला महामंत्री मुकुंद मेश्राम, विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, जितेंद्र सोनकर उपाध्यक्ष प्रदेश सोनकर समाज, नवापारा राज अध्यक्ष मोहन सोनकर, पार्षद भारत सोनकर, सचिन सचदेव, सहदेव कंसारी, जीना निषाद, पार्षद रामरतन निषाद ,अर्जुन साहू, हेमन्त साहनी, टिकेश्वर गिलहरे, तरुण कंसारी,कोमल सोनकर ,लोकनाथ सोनकर ,अशोक सोनकर, पवन सोनकर ,नंदू सोनकर ,अप्पू रामेश्वर सोनकर, घनश्याम सोनकर, स्वप्निल सोनकर, गोपाल सोनकर ,रमन सोनकर ने किया। नवापारा नगर सोनकर समाज के अध्यक्ष राकेश सोनकर ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले पुलिस प्रशासन, नगर पालिका प्रशासन तथा शहरवासियो का आभार व्यक्त किया।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से राजिम विधायक रोहित साहू ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधायक रोहित साहू नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य मुलाकात कर राजिम विधानसभा क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। विधायक श्री साहू ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि मंत्री ने विभिन्न विषयों को गंभीरता से सुना एवं सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। विधायक साहू ने कहा कि मेरा निरंतर प्रयास है कि क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुगम यातायात सुविधाएं उपलब्ध हो। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। मुलाकात के दौरान विधायक साहू ने क्षेत्र में सड़क अधोसंरचना की स्थिति, प्रमुख मार्गों के निर्माण एवं उन्नयन, तथा यातायात सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को जोड़ने वाले मार्गों की स्थिति सुधारना अत्यंत आवश्यक है, जिससे आम जनता को आवागमन में सुगमता मिल सके।



विधायक ने विशेष रूप से कुछ महत्वपूर्ण सड़कों और संपर्क मार्गों का उल्लेख करते हुए उनके शीघ्र निर्माण एवं मरम्मत की मांग रखी। उन्होंने यह भी बताया कि इन मार्गों के विकसित होने से क्षेत्र में व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और अधिक सुलभ हो सकेगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विधायक द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्यवाही के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया। कहा कि सड़क विकास से संबंधित प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर विचार किया जाएगा।

विधायक रोहित साहू ने मुलाकात के बाद कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुरक्षित यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से क्षेत्र में सड़क नेटवर्क को और मजबूत बनाया जाएगा। इस मुलाकात को क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यदि प्रस्तावित कार्यों को स्वीकृति मिलती है, तो आने वाले समय में क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिल सकता है, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक रोहित साहू ने नेशनल हाईवे 130-सी के अंतर्गत पाण्डुका से मदांगमुड़ा तक 128 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु डीपीआर तैयार कर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया।

## भाजपा ने छत्तीसगढ़ लोक संगीत की प्रस्तुति देने वाले हीरानंद का किया सम्मान

**नवापारा-राजिम।** कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें औषधालय नवापारा राजिम में ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत हीरानंद देवांगन ने पिछले दिनों नई दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज टूनार्मेंट 2025-26 में प्रदेश की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए छत्तीसगढ़ लोक संगीत की प्रस्तुति दी। प्रतिवर्ष होने वाले इस टूनार्मेंट का राज्य स्तरीय आयोजन 13 मार्च को रायपुर के गुरु घासीदास संग्रहालय में हुआ था, जिसमें चयनित होने वाले कर्मचारियों को राष्ट्र स्तरीय टूनार्मेंट में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। हीरानंद उन कर्मचारियों में शामिल थे। हीरानंद की उपलब्धि पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन ने उनके निवास पहुंचकर शाल व श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया। इससे अभिभूत हीरानंद ने किशोर के प्रति आभार व्यक्त किया। किशोर ने बताया कि हीरानंद भाई की उपलब्धि न केवल नवापारा देवांगन समाज के लिए बल्कि सम्पूर्ण गोबरा नवापारा नगर के लिए गौरव की बात है । हीरानंद छत्तीसगढ़ के उन चुनिंदा लोगों में



शामिल हैं, जो निजी समय में अपनी प्रतिभा से संगीत सेवा करते हुए छत्तीसगढ़ महतारी का नाम रौशन करते रहते हैं और श्रेय की राजनीति से दूर रहते हुए अपनी सफलता का सार्वजनिक महिमामंडन भी नहीं करते। केंद्र सरकार की राष्ट्र स्तर की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करना बहुत बड़ी और गौरव की बात है। देवांगन ने कहा हीरानंद अपने नाम के अनुरूप नवापारा नगर और छत्तीसगढ़ के लिए एक हीरा हैं। संगीत और छत्तीसगढ़ महतारी के ऐसे गुप्त सेवक को सम्मानित कर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह से राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष ने की भेंट

**राजिम।** छत्तीसगढ़ के तीन बार मुख्यमंत्री रहे एवं वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष, डॉ. रमन सिंह से बुधवार को राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने सामाजिक पदाधिकारियों के साथ सौजन्य भेंट-मुलाकात की। इस अवसर पर श्री साहू ने डॉ. सिंह के स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम की जानकारी ली तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। भेंट के दौरान भगवान श्री राजीवलोचन का पावन प्रसाद पीडिया, शाल, श्रीफल के साथ एक झेंझरी तरबूज एवं खरबूज सम्मानपूर्वक भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की ओर से यह भेंट अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ की गई। इस गरिमामय अवसर पर राजिम भक्तिन माता समिति के संगठन मंत्री घनश्याम साहू ,पूरनलाल साहू, किसलाल साहू शामिल थे। झेंझरी में तरबूज एवं खरबूज देखकर डॉ. रमन सिंह मुस्कुराए। सौजन्य भेंट के पश्चात समिति अध्यक्ष लाला साहू ने कहा कि जब-जब छत्तीसगढ़ की उन्नति, विकास और सुशासन की चर्चा होगी, तब-तब



इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों पर डॉ. रमन सिंह जी का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा। उन्होंने कामना की कि उनका जीवन सेवा, विश्वास और विकास के दीप प्रज्वलित करता हुआ युगों-युगों तक छत्तीसगढ़ को आलोकित करता रहे तथा भगवान श्री राजीवलोचन जी की कृपा एवं छत्तीसगढ़ राज्य के तीन करोड़ जनता का आशीर्वाद सदैव उन पर बनी रहे।

## रामूराम बने प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के आमंत्रित सदस्य

**फिंगेश्वर।** वरिष्ठ भाजपा नेता रामूराम साहू प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाये गए हैं। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। विदित हो कि प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव के अनुमति से एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के सहमति से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर द्वारा गरियाबंद जिला के वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू को छत्तीसगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया है। रामू राम साहू भाजपा के विविध पदों पर सक्रियता से कार्य करते आ रहे हैं। वे युवा मोर्चा मंडल फिंगेश्वर के महामंत्री, कमल वाहिनी के विधानसभा संयोजक, भारतीय जनता



युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक, भाजपा अध्यक्ष के जिला संयोजक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति फिंगेश्वर के अध्यक्ष, भूमि विकास बैंक रायपुर के संचालक सदस्य आदि पदों पर सक्रियता से कार्य करते आ रहे हैं। उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमाला एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। बधाई देने वालों में भागवत हरित, अशोक सिंह राजपूत, पूनम यादव, फिंगेश्वर के अध्यक्ष मंजू लता हरित, महामंत्री भुवन लाल साहू, प्रेमलाल टोडर, मंडल अध्यक्ष संतराम साहू, भुनेश्वर साहू, अशोक साहू, गजेंद्र निषाद बिजली, जिला अध्यक्ष मिंजुन साहू, राकेश सिन्हा, छवि कुमार यादव, मंडल अध्यक्ष तुलाराम साहू,दयाराम साहू, खिलावन सोनवानी, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, किशन निषाद, किरण सोनी, डॉ प्यारेलाल सोनकर, सोसाइटी फिंगेश्वर के अध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, शीतल साहू अरुण सिन्हा, दशरथ सिंन्हा, हीरामन साहू, सीमा खिलेश्वर साहू,राम आधार साहू,श्रीमती संगीता साहू,ओम प्रकाश साहू ,मति निषाद, छगन साहू, रोहित साहू, गुपेश साहू, राम अवतार साहू, सुकालू राम साहू आदि शामिल हैं।



### पालिका अध्यक्ष ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन

**नवापारा-राजिम।** गुलाब गार्डन के सामने सीसी रोड निर्माण हेतु नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी ,सभापति सचिन सचदेव ,पार्षद रामरतन निषाद ,पार्षद लोमेश्वरी साहू ,पार्षद प्रतिनिधि धीरज साहू, सीएमओ लवकेश पैकरा मौजूद थे।

## सरकार पेंशन राशि 500 से बढ़ाकर 1500 रुपए करे

**कोपरा।** समाजसेवी और युवा नेता रोशन लाल साहू ने राज्य सरकार से वृद्धा, विधवा, दिव्यांग तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत मिलने वाली मासिक पेंशन राशि को 500 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये करने की तत्काल मांग की है। उन्होंने कहा कि मौजूदा राशि पेंशनधारियों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में पूरी तरह से असमर्थ है। साहू ने बताया कि अधिकांश पेंशनधारी पूरी तरह से असहाय हैं और उनकी आजीविका का एकमात्र सहारा यही पेंशन है। उन्होंने कहा, /"महंगाई के इस दौर में 500 रुपये में कुछ नहीं होता। ये लोग दवा-इलाज तक का खर्च नहीं उठा पाते। कई पेंशनधारी डॉक्टर के पास जाने के बाद भी पैसे न होने के कारण उधार में इलाज करवाते हैं और पेंशन के भरोसे बैठे रहते हैं।/"उन्होंने पेंशन के अनियमित भुगतान पर भी गंभीर चिंता जताई। साहू के मुताबिक, पेंशन राशि अक्सर समय पर नहीं मिलती, कभी-कभी दो-तीन महीने तक की देरी हो जाती है। इस दौरान पेंशनधारियों को बार-बार बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जो बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए एक बड़ी यातना है। साहू ने सरकार से आग्रह किया कि वह इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करे और न केवल पेंशन राशि बढ़ाने का फैसला करे, बल्कि यह भी सुनिश्चित करे कि राशि हर महीने नियमित रूप से और समय पर मिले। उन्होंने कहा, /"यह सिर्फ एक आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का सवाल है। समय पर मिलने वाली पर्याप्त पेंशन कई जिंदगियां बचा सकती है। उनकी यह मांग ऐसे समय में उठी है जब महंगाई दर लगातार ऊंचाई पर बनी हुई है और सामाजिक सुरक्षा पेंशन पर निर्भर लाखों लोगों का जीवनयापन मुश्किल होता जा रहा है। साहू ने कहा कि वह इस मुद्दे को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाएंगे और आवश्यकता पड़ने पर शांतिपूर्ण आंदोलन भी करेंगे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बेलटुकरी के किसान का बेटा बना प्लाटून कमाण्डर उपनिरीक्षक



**राजिम।** ग्राम बेलटुकरी के कौशल साहू प्लाटून कमाण्डर उपनिरीक्षक का ट्रेनिंग लेने के बाद जब गांव पहुंचे तो ग्रामवासियो ने बड़े उत्साह के साथ बाजे-गाजे और फुल माला पहनाकर स्वागत किया। जवान की पढ़ाई गांव के स्कूल में हुई। उच्च शिक्षा राजिम कॉलेज में और इंजीनियरिंग शिक्षा रावतपुरा सरकार महाविद्यालय रायपुर में। उनके स्वागत करने वालो में खेलावन साहू, चंद्रशेखर मिश्रा, हेमंत साहू ,जीवन साहू ,डॉ रामकुमार साहू ,जगदीश साहू, संतोष साहू, युगल साहू, राजेन्द्र साहू, नेमीचंद साहू, हेमलाल साहू , ,भीमसेन साहू, योगेंद्र साहू, चेमन धीवर, तुकाराम तारक, श्रवण साहू ,गोविन्द साहू, डॉ सुरेंद्र साहू ,तेजराम विद्रोही ,ललित साहू शामिल थे।

### हाई स्कूल के शिक्षकों ने प्राचार्य कंवर को दी विदाई



**कोपरा।** क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहरसी में लंबे समय से पदस्थ प्राचार्य कन्हैयालाल कंवर सेवानिवृत्ति हुए, प्राचार्य कंवर का लंबे समय लोहारसी स्कूल में बिताए। इस दौरान उन्होंने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की जिसके लिए पूरा गांव आभार व्यक्त किया है। साथ ही स्कूल स्टाफ कैलाश धनुर्वेद, सागर गुप्ता, तुलसी यादव, संध्या देवांगन, अर्चना राय, जयंत ठाकुर, तनय साहू, आर के अग्रवाल ने सह सम्मान सोमवार को विदाई दी। आगे की कार्यभार संभालने के लिए अनुभवी अध्यापक रवि कुमार अग्रवाल को प्रभारी प्रचार्य के रूप में नियुक्त किया गया। प्रभारी प्राचार्य बनने पर रवि अग्रवाल को शिक्षकों व ग्रामणों द्वारा बधाई और स्वागत किया। आरके अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार मैंने लंबे वर्षों से लोहरसी स्कूल में सेवा प्रदान देते आ रहा हूं बड़ा ही सौभाग्य का विषय है कि आज मुझे प्राचार्य बनाया गया मैं निरंतर पूरी निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक स्कूल को संचालन करूंगा और बच्चों को उच्च शिक्षा और उत्तम ज्ञान प्रदान करूंगा सभी को तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

### जिले में 18.28 करोड़ के पुल निर्माण कार्यों को स्वीकृति

**पाण्डुका।** जिले के विकास को नई गति देते हुए लंबे समय से लंबित 5 महत्वपूर्ण पुल निर्माण कार्यों को अब शीघ्र प्रारंभ किए जाने की अनुमति वित्त विभाग से प्राप्त हो गई है। इन कार्यों के लिए कुल राशि 18.28 करोड़ स्वीकृत की गई है। स्वीकृत कार्यों में शामिल जोबा खरता मार्ग पर सत्ती नाला पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य, राजापड़ाव- गौरगांव मार्ग में शोभा नाला पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य, राजापड़ाव-गौरगांव मार्ग में बाग नाला पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य, खरीपथर से कोतरीडोंगरी मार्ग में खैरा नाला पर पुल निर्माण कार्य, ओनवा-कोकड़ी-खड़मा मार्ग में घुनघुटी नाला पर पुल निर्माण कार्य। इन सभी अप्रारंभ कार्यों को प्रारंभ करने की अनुमति वित्त विभाग द्वारा प्रदान कर दी गई है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा बरसात के दिनों में होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगा साथ ही साथ क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगा।

### देसी प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने डोंगरीपारा नर्सरी के पास नवागांव में एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी लोकेश सोनवानी पिता स्व रमेश सोनवानी (33 वर्ष) वार्ड नं 10 नवागांव बागबाहरा के कब्जे से 24 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1920 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### ट्रैफिक से राहगीरों को नहीं मिल पाती साइड

# राजिम में सड़क पर खड़ी होती है यात्री बसें, हादसे को दे रही न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



गरियाबंद जिले का सबसे बड़ा शहर राजिम काफी लंबे समय से ट्रेफिक की मार झेल रहा है। यहां की ट्रेफिक सुधरने का नाम नही लेती, प्रयास चाहे लाख कर लो। रायपुर-देवभोग,रायपुर-गरियाबंद,राजिम-महासमुंद और राजिम-छुरा मार्ग पर चलने वाली यात्री गाड़ियां पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक पर मेन रोड में सड़क पर खड़ी होती है। इन गाड़ियों के खड़ी होने से बाकी दीगर गुजरने वाली गाड़ियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। एक तो सड़क ऐसी ही कम चौड़ी, ऊपर से इस प्रकार की आफत! इस मार्ग को नेशनल हाइवे 130 कहा जाता है। बात यदि रायपुर-राजिम महानगरीय बस सेवा की करे तो हर दो से पांच मिनट के अंतराल में चलने वाली 70 मिनी बसे भी सड़क के ऊपर ही खड़ी होती है। सड़क के दोनो साईड तरह-तरह के ठेले लगे होते है। बेलटुकरी,कौंदकेरा की ओर चलने वाली ऑटो, मैजिक भी सड़क में खड़ी रहती है। लावारिश मवेशियां भी दिन भर सड़को पे ईधर-ऊधर मंडराती रहती है। मतलब आपको रायपुर से गरियाबंद की ओर जाना है तो पंडित जवाहर लाल नेहरू पुल महानदी के बाद करीब एक किलोमीटर चलने के पश्चात ही चौबेबांधा मोड़ पर ही साईड मिल पाएगा। इस दौरान कछुआ चाल से चलना पड़ेगा। यही हाल गरियाबंद की ओर से आप रायपुर की ओर चल रहे है तो पुल को क्रास करने के दो किलोमीटर बाद ही साईड मिल पाएगा। तब तक आपका दिमाग खराब रहेगा। बता दें कि कलेक्टर,एसपी भी इस ट्रेफिक वाली परेशानियो से न केवल जुझते है बल्कि वाकिफ है बावजूद इस दिशा में सकारात्मक पहल या ठोस निर्णय क्यों नही लिया जाता? पूरा पावर और नियम कानून इन अफसरो के हाथो में है। ईधर दिनबदिन तमाम तरह की गाड़ियो का दबाव राजिम की सड़को पर लगातार बनते चला जा रहा है। अब समय की मांग है कि इस दिशा में सार्थक पहल हो और नतीजा ठोस निकले। यदि कहे कि लोग न तो सुधरने वाले हैं और न ही अधिकारी सुधारने को तैयार हैं? तो कोई गलत नही होगा। दिन भर में पचासों बार जाम होना मामूली बात है, तब भी कोई बोलने को तैयार नहीं। राजिम एक जंक्शन है। जहां से महासमुंद, छुरा, गरियाबंद और रायपुर मार्ग के लिए इस शहर से होकर यात्री गाड़ी सहित तमाम मालवाहक और दीगर वाहन हजारों की संख्या में गुजरती है। तमाम यात्री गाड़ियां सवारी भरने और उतारने के लिए रोड ही खड़ी होती है। सभी रूटों के लिए जहां गाड़ियां खड़ी होती है, उसे सुंदरलाल शर्मा चौक कहते हैं। इस चौक से होकर गाड़ियां आती-जाती है। चौक के सभी ओर सड़क तक लोग आने व्यापार-व्यवसाय को फैलाकर रखते हैं। दोपहिया वाहन, सायकलों की ढेर नजर आती है।

#### स्थिति ज्यों की त्यों

ट्रैक्टर चालक, मिनी बस बीच रोड में आनी गाड़ी खड़ी कर देते हैं। ऊपर से तुर्रा यह कि फलवाले, चाट वाले भी सड़क पर ही ठेला लगाकर व्यवसाय करते हैं। जाहिर है जब ठेला लगेगा, तो ग्राहक झुमेंगे ही। इस तरह से चौड़ी सड़क संकरी नजर आती है। गाड़ियों के ड्राईविंग करने वालों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। शहर के बिगड़ैल ट्रेफिक को सुधारने की जवाबदारी किसकी है? यही समझ में नहीं आता। राजिम क्षेत्र में दर्जन भर रेत खदान होने की वजह से पूरा दिन भर भांय-भांय करते ओव्हरलोड हाईवा भी जानलेवा रफ्तार में दौड़ती है। बस स्टैण्ड से लेकर रायपुर रोड पर फॉरेस्ट नाका, महासमुंद रोड में तहसील ऑफिस और गरियाबंद मार्ग पर दत्तात्रेय मंदिर तक ट्रेफिक का दबाव इतना बढ़ा हुआ होता है कि यहां से सही-सलामत निकल गए, तो जिन्दगी बच गई, वर्ना दुर्घटना होना तय समझो। यह कोई एक दिन की बात नहीं है। गरियाबंद जब जिला बना, तो लोगों को यह उम्मीद थी कि जिला स्तर के आला अफसर एसपी, कलेक्टर से लेकर सारे विभागों के अधिकारी यहां रहेंगे। इससे राजिम शहर की स्थिति अवश्य सुधरेगी, मगर जिला बने 14 बरस गुजर गए, लेकिन स्थिति ज्यों की त्यों है।

# बीहड़ वनांचल में बसे साहेबिनकछार में 25 वर्षों बाद आज पहुंचेंगे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिला नक्सल मुक्त होते ही अब विकास की रफ्तार पकड़ेगी 25 वर्षों बाद दूरस्थ बिहड़ में बसे ग्राम साहेबिनकछार मे पहला कलेक्टर भगवान सिंह उइके पहुंचेंगे। मैनपुर विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचल आदिवासी ग्राम साहेबिनकछार में 2 अप्रैल दिन गुरूवार को सुबह 10 बजे से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर में गरियाबंद जिला के कलेक्टर भगवान सिंह उइके, पुलिस अधीक्षक गरियाबंद देवव्रत सिरमौर, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित होंगे,शिविर में ग्राम साहेबिनकछार सहित आसपास के ग्रामो के लोगों के मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर बीएस उइके ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में स्टॉल लगाकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने एवं आम लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये हैं। ज्ञात हो कि इस क्षेत्र के ग्रामीण लगातार आवेदन निवेदन एवं आंदोलन कर क्षेत्र की समस्याओं को शासन प्रशासन तक ला रहे थे एवं लंबे समय से मांगो को पूरा करने चल रहे प्रशासनिक कवायद के बीच कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने साहेबिनकछार में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आयोजित करने निर्देश दिया है साथ ही प्रस्तावित कलस्टर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए आम नागरिको को शिविर के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने समुचित व्यवस्था करने सीईओ जनपद पंचायत मैनपुर को पत्रचार किया गया है। मैनपुर के दुरस्त वनांचल के ग्रामो में पहली बार जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और शिविर को लेकर जोर–जोर से तैयारी किया जा रहा है।

■ नक्सल मुक्त होते ही प्रशासन ने की तैयारी

# 4.28 करोड़ के विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नगर पालिका परिषद अभनपुर द्वारा अधोसंरचना मद वर्ष 2025-26 अंतर्गत 4 करोड़ 28 लाख रूपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण विधायक इंद्रकुमार साहू द्वारा किया गया। नगर के धीवर समाज सामुदायिक भवन में आयोजित समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी उपस्थित रहे। इस मौके पर नगर के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, पेवर ब्लॉक एवं अन्य अधोसंरचनात्मक कार्यों की शुरुआत की गई। इन कार्यों से नगर के विकास को नई गति मिलने के साथ ही नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं में बेहतर सुधार का लाभ मिलेगा। इस दौरान विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि अभनपुर के समग्र विकास के लिए हमारी सरकार लगातार प्रतिबद्ध है। आज जिन 4 करोड़ से अधिक के कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हुआ है, वे सीधे तौर पर आम जनता की सुविधा से जुड़े हुए हैं। सड़क, नाली और आधारभूत संरचना के मजबूत होने से लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा। आगे भी क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास जारी रहेंगे और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका के समस्त पार्षदगण डोमेन्द्र साहू, श्रीमती महेश्वरी वैष्णव, श्रीमती चंपा लेदेकर, आसकरण गिलहरे, सुशीला हरवंश,दीक्षा राठी, रानू राठी,बीरेंद्र प्रताप सिन्हा,श्रीमती मीना साहू, रूपनारायण साहू, नीलकमल गिलहरे,गब्बू ध्रुव,श्रीमती गंगा हिम्मत कौर,बीरबल टंडन, राजा राय, खुशवंत सिन्हा, हेमंत तारक,नगर पालिका सीएमओ सौरभ शर्मा,इंजीनियर दुष्यंत चौहान एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

■ अधोसंरचना मद की राशि से नाली, सड़क निर्माण के कार्य होंगे



**नवापारा-राजिम।** गंज रोड पर श्रीराम चौक का भूमिपूजन छत्तीसगढ़ प्रदेश सोनकर समाज के उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनकर के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद भारत सोनकर, नवापारा राज अध्यक्ष मोहन सोनकर ,नगर अध्यक्ष राकेश सोनकर ,कोमल सोनकर ,अशोक सोनकर ,राजेश सोनकर ,अप्पु सोनकर मौजूद थे।

### उल्बा में दो सामुदायिक भवनों के निर्माण के लिए भूमिपूजन


*अभनपुर। ग्राम पंचायत उल्बा में विकास कार्यों को नई दिशा देते हुए दो सामुदायिक भवनों का भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ किया गया। इनमें 6.50 लाख रुपये की लागत से बनने वाला सामुदायिक भवन विधायक इंद्र कुमार साहू की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत साहू समाज को प्रदान किया गया है। वहीं 2 लाख रुपये की लागत से बनने वाले एक अन्य सामुदायिक भवन का निर्माण जनपद मद से जनपद सदस्य श्रीमती रानी सोनवानी द्वारा ब्राह्मण समाज के लिए स्वीकृत किया गया है। भूमि पूजन के साथ ही दोनों निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सरपंच नेहरू लाल साहू ने मुख्यमंत्री, विधायक एवं जनपद सदस्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शहर से लेकर गांव और विभिन्न समाजों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है और विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में मजबूत नींव रखी जा रही है। कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्रीमती रानी सोनवानी, सरपंच नेहरू लाल साहू, सुशीला सोनवानी, लकेश यादव, भोजेश्वर तारक, चन्द्रबली भारतद्वाज, भुवनेश्वरी तारक, ओमेश्वरी तारक, मोगरा ध्रुव, गायत्री तारक, रुखमणी राठी, मनोज सोनवानी, होरी साहू, देवघर साहू, लिखन साहू, पुनित धृतलहरे, बृजेश पांडे, सत्यनारायण, तोरण साहू एवं चुम्मन दास मानिकपुरी सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।*

# सोरिद खुर्द में आज मेले का आयोजन

**मुड़ागांव (कोरासी)।** छुरा विकासखण्ड के अंतिम छोर, घाट खाल्हे क्षेत्र में स्थित ग्राम सोरिद खुर्द में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। छुरा–फिंगेश्वर मुख्य मार्ग से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह प्राचीन स्थल 8वीं शताब्दी से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां विराजमान गादी माई एवं उनकी गोद में स्थित रमई पाठ धाम क्षेत्र में विशेष धार्मिक महत्व रखते हैं।



आज 2 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा पर यहां भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजन माता के दर्शन हेतु पहुंचते हैं। मान्यता है कि यहां संतान प्राप्ति एवं अन्य मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। अपनी इच्छाएं पूर्ण होने पर श्रद्धालु माता को बकरे की बलि अर्पित करते हैं तथा निःसंतान दंपति संतान प्राप्ति के पश्चात मंदिर में लोहे की सांकल (चेन) चढ़ाकर आभार व्यक्त करते हैं।



इस स्थल की एक विशेषता इसे और भी चमत्कारिक बनाती है। मंदिर परिसर में स्थित सदियों पुराने आम के पेड़ की जड़ों से निरंतर स्वच्छ, मीठा एवं निर्मल जल की धारा बहती रहती है। आश्चर्य की बात यह है कि आसपास की पहाड़ियों में जहां जल का अभाव रहता है, वहीं इस स्थान पर यह जलधारा कभी नहीं रुकती। विशेष रूप से चैत्र पूर्णिमा के दिन यह धारा और अधिक प्रबल हो जाती है, जिससे हजारों श्रद्धालुओं की प्यास बुझती है।

समिति के सचिव मनीराम यादव के अनुसार, मंदिर में मौजूद हजारों सांकल इस बात के प्रमाण हैं कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि यह स्थल न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि लोकविश्वास और परंपरा का जीवंत प्रतीक भी बना हुआ है।

# विधायक रोहित ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

**मुड़ागांव(कोरासी)।** राजिम विधानसभा विधायक रोहित साहू ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य भेंट की। इस मुलाकात के दौरान जिला गरियाबंद एवं राजिम विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। विशेष रूप से क्षेत्र में सड़क एवं यातायात सुविधाओं के विकास को लेकर आवश्यक प्रस्तावों पर विचार-विमर्श हुआ। माननीय मंत्री ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। विधायक श्री साहू ने कहा कि उनका निरंतर प्रयास है कि क्षेत्रवासियों को बेहतर, सुरक्षित और सुगम यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिल सके।



# चुनावी तैयारी में जुटी कांग्रेस, मैनपुरकला में शामिल हुए कांग्रेसी

**मैनपुर।** विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मैनपुरकला मे संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत कांग्रेस की बैठक हुई। इसमें ब्लॉक प्रभारी खेदु नेगी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान पंचायत अध्यक्ष एवं पोलिंग बूथ अध्यक्ष की नियुक्ति की गई। आयोजित कार्यक्रम ब्लॉक प्रभारी खेदु नेगी ने कहा कांग्रेस को बूथ और पंचायत तथा वार्ड स्तर तक मजबुत करने की रणनीति पर कार्य शुरू कर दिया गया है। यह प्रदेश के निर्देश पर किया जा रहा है, इससे कांग्रेस को जमीनी स्तर में मजबुती मिलेगी और सशक्त बनाया जायेगा। ब्लॉक अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कांग्रेस की सक्रियता और इस नियुक्ति का आगामी विधानसभा चुनाव में बेहतर परिणाम देखने को मिलेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, मैनपुरकला सरपंच गज्जु नेगी, घनश्याम यादव, बिसनाथ यादव, तनवीर ठाकुर, डोमार साहू, तीवकुमार सोनी, दुलेन्द्र नेगी, टीकम यादव, ब्रम्हा ध्रुव, अमरसिंह नागेश, तिजेश्वर नेगी, भुनेश्वर नेगी, लालसिंग नागेश, विश्वनाथ यादव, मुकुंद नागेश, पीलाराम यादव, त्रिलोक नागेश, सुकचंद यादव, राकेश यादव, रैयमोति राजपूत, नरेश ध्रुव, महेन्द्र नागेश, गोवर्धन ध्रुव एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।





### रेस्ट हाऊस में हुई कांग्रेस की बैठक

**राजिम।** राजिम रेस्ट हाऊस में प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल की मौजूदगी में कांग्रेस की एक बैठक हुई। इसमें गरियाबंद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पवन सोनकर, ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू, लालचंद मेघवानी,सुनील तिवारी,प्रहलाद गंधर्व, कमलेश यदु,सुमित्रा निराला,विकास तिवारी,डेकेश्वर ठाकुर, गिरीश रजानी, मुन्ना सोनकर,कुलेश्वर साहू,रामनारायण साहू,भवानी साहू,जुगू ठाकुर,प्रकाश धीवर, रामकुमार साहू,साधु निषाद, विश्वजीत ठाकुर, देवेंद्र साहू सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने श्री शुक्ल एवं जिला अध्यक्ष श्री बेसरा का अभिनंदन किया।

### मैनपुर की शान बनी भवानी नागेश, ट्रेनिंग पूरी कर घर लौटी

# किसान की बेटी पुलिस अफसर बनकर गांव पहुंचीं, ग्रामीणों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विकासखंड के एक छोटे से गांव नाहनबिरी की भवानी नागेश ने पुलिस सुरक्षा बल में अफसर बनकर एक नई मिसाल पेश की है। आज जब उन्होंने अपनी ट्रेनिंग पूरी की और घर लौटीं, तो मैनपुर बस स्टेशन पर उनका जोरदार स्वागत हुआ यह उपलब्धि ग्रामीण बेटियों के लिए एक बड़ी प्रेरणा बन गई है। भवानी नागेश ने अपने कठिन परिश्रम और लगन के दम पर एसआइ पद हासिल कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव और मैनपुर अंचल में खुशी की लहर दौड़ गई है। ट्रेनिंग पूरा करने के बाद जब भवानी नागेश पहली बार अपने गृह ग्राम नाहनबिरी पहुंचीं, तो ग्रामीणों और समाज के पदाधिकारियों ने उनका भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा। ज्ञात हो कि




भवानी नागेश छोटे से गांव नाहनबिरी के किसान परिवार पिता चंदन सिंह नागेश माता महेन्द्री नागेश की पुत्री है जिसने अपने माता पिता को धूप मे कड़ी मेहनत करते देख साथ ही उनके द्वारा अपने बच्चो को आफिसर बनाने की सपना को पूरा करने भवानी ने घर मे ही पढाई शुरू किया रायपुर मे कॉलेज की पढ़ाई निशुल्क मिलने वाले कोचिंग क्लॉस जाना शुरू किया एवं इसी बीच उनका सेलेक्शन पुलिस सब इंस्पेक्टर में हुआ। इस उपलब्धि पर भवानी ने इसका श्रेय अपने माता–पिता, गुरुजनों, मित्रों और सहपाठियों को दिया है जिन्होंने उन्हें आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि भवानी नागेश आज की युवा पीढ़ी, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। छोटे से गांव से निकलकर इस मुकाम तक पहुंचना यह साबित करता है कि अगर हौसले बुलंद हों तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच ईश्वर नागेश, भागचंद यादव, रामसिंह नागेश, धनसिंह नागेश, बी.एस. नागेश, संजय त्रिवेदी, चेतन यादव, चेतन ध्रुव, शिव नागेश, अकबर नागेश, मनोज पांडेय, जेठूराम, घनश्याम यादव, पियारी यादव, समारू ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, परिवारजन एवं रिश्तेदार उपस्थित रहे।

